CS(M) EXAM 2012

F-DTN-M-DIFB

# CHEMISTRY

## Paper II

*Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 300*

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions no.* **1** *and* **5** *which are compulsory, and any* **three** *of the remaining questions selecting at least* **one** *question from each Section.*

*Assume suitable data if considered necessary and indicate the same clearly.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

*Symbols and notations carry usual meaning, unless otherwise indicated.*

***IMPORTANT : Whenever a question is being attempted, all its parts/sub-parts must be attempted contiguously. This means that before moving on to the next question to be attempted, candidates must finish attempting all parts/sub-parts of the previous question attempted. This is to be strictly followed.***


***Pages left blank in the answer-book are to be clearly struck out in ink. Any answers that follow pages left blank may not be given credit.***

---


ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION A

1. (a) (i) Which molecule can follow electrophilic substitution ?




or



I II

(ii) 1,5-cyclooctadiene is treated with I-Cl. What is the structure of the product ? *12*


(b) (i)  is exposed to u – v light and compounds C and D are produced. What are the structures of C and D ?

(ii) 1,3-butadiene is treated with $SO_2$. What product will be formed ? *12*


(c) (i) Acetaldehyde is treated with excess formaldehyde in presence of $Ba(OH)_2$ and the reaction produces a solid organic compound. What is the structure of solid organic compound ?

## खण्ड क

1. (क) (i) कौन-सा अणु इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन का अनुसरण कर सकता है ?




या



I          II



(ii) 1,5-साइक्लोऑक्टाडाईन को I-Cl के द्वारा उपचारित किया जाता है । उत्पाद की संरचना क्या है ? *12*

(ख) (i)  को परावैंगनी (u – v) प्रकाश से उद्भासित किया जाता है और यौगिक C और D बनते हैं । C और D की संरचनाएँ क्या-क्या हैं ?

(ii) 1,3-ब्यूटाडाईन को $SO_2$ के द्वारा उपचारित किया जाता है । कौन-सा उत्पाद बनेगा ? *12*


(ग) (i) ऐसीटैल्डिहाइड को $Ba(OH)_2$ की उपस्थिति में अत्यधिक फॉर्मेल्डिहाइड से उपचारित किया जाता है और अभिक्रिया से ठोस कार्बनिक यौगिक बनता है । ठोस कार्बनिक यौगिक की संरचना क्या है ?

(ii) Which one of these two compounds (I and II) has aromaticity ?

 and 

I II 12

(d) (i) When compound A is treated with alkali what product is formed ? Show the mechanism of the conversion.

 = A

(ii) What is the structure of the compound produced from B on exposure with u – v light ?

$$B = Ar - \underset{\displaystyle Ar}{\underset{|}{CH}} - \underset{\displaystyle O}{\underset{||}{C}} - Ar$$


Ar = 2,4,6-trimethyl phenyl 12

(e) (i) Isobutylene after reaction with $H_2SO_4$ at 80°C, is hydrogenated using Ni-catalyst. Write the structure of final product and mechanism of its formation..

(ii) नीचे दिए गए इन दो यौगिकों (I और II) में से किसमें ऐरोमैटिकता है ?




और



I      II      *12*

(घ) (i) जब यौगिक A का क्षार के द्वारा उपचार किया जाता है, तब कौन-सा उत्पाद बनता है ? रूपांतरण का यांत्रिकत्व दर्शाइए ।



= A


(ii) पराबैंगनी (u – v) प्रकाश के साथ उद्भासन पर B से उत्पादित यौगिक की संरचना क्या है ?

B = Ar – CH(Ar) – C(=O) – Ar

Ar = 2,4,6-ट्राइमेथिल फेनिल *12*

(ङ) (i) $H_2SO_4$ के साथ, 80°C पर अभिक्रिया के बाद, आइसोब्यूटिलीन Ni-उत्प्रेरक का इस्तेमाल करते हुए हाइड्रोजनीकृत हो जाती है । अंतिम उत्पाद की संरचना और उसके विरचन का यांत्रिकत्व लिखिए ।

(ii) Camphene hydrochloride (I) on heating in polar solvent produces isobornyl chloride (II). Write the mechanism of the conversion.




(I) (II) *12*

**2.** (a) Phthalimide is treated with alcoholic KOH and it produces a product A. A is treated with n-butyl bromide producing B. The product B is boiled with excess NaOH producing a volatile liquid C. After removal of C, the solution on acidification gives a solid organic acid D. What are A, B, C and D ? Write with equations. *20*

(b) Give structures of compounds (A), (B), (C) and (D) in the following reactions : *20*


(i) n-Octaldehyde + Ethyl bromo acetate + Zn and then $H_2O \rightarrow$ (A) ($C_{12}H_{24}O_3$)

(ii) (A) + $CrO_3$ in glacial acetic acid $\rightarrow$ (B) ($C_{12}H_{22}O_3$)

(iii) (B) + $C_2H_5O^- Na^+$, then benzyl chloride $\rightarrow$ (C) ($C_{19}H_{28}O_3$)

(iv) (C) + $\overline{OH}$, heat, then $H^+$ warm $\rightarrow$ (D) ($C_{16}H_{24}O$)

(ii) ध्रुवीय विलायक में गर्म करने पर कैम्फीन हाइड्रोक्लोराइड (I) आइसोबोर्निल क्लोराइड (II) बनाती है । रूपांतरण का यांत्रिकत्व लिखिए ।




(I) (II) *12*

**2.** (क) थैलिमाइड को ऐल्कोहॉली KOH से उपचारित किया जाता है और वह एक उत्पाद A बनाता है । A को n-ब्यूटिल ब्रोमाइड से उपचारित किया जाता है और उत्पाद B बन जाता है । उत्पाद B को अधिक NaOH के साथ गर्म किया जाता है और एक वाष्पशील द्रव C बन जाता है । C को अलग किए जाने के बाद, अम्लीकरण पर विलयन एक ठोस कार्बनिक अम्ल D प्रदान करता है । A, B, C और D क्या हैं ? समीकरणों सहित लिखिए । *20*

(ख) निम्नलिखित अभिक्रियाओं में यौगिकों (A), (B), (C) और (D) की संरचनाएँ बताइए : *20*

(i) n-ऑक्टैल्डिहाइड + एथिल ब्रोमो ऐसीटेट + Zn और फिर $H_2O \rightarrow$ (A) $(C_{12}H_{24}O_3)$


(ii) (A) + ग्लेशियल ऐसीटिक अम्ल में $CrO_3 \rightarrow$ (B) $(C_{12}H_{22}O_3)$

(iii) (B) + $C_2H_5O^- Na^+$, फिर बेंज़िल क्लोराइड $\rightarrow$ (C) $(C_{19}H_{28}O_3)$

(iv) (C) + $OH^-$, गर्म कीजिए, फिर $H^+$ थोड़ा गर्म $\rightarrow$ (D) $(C_{16}H_{24}O)$

(c) β-methyl crotonaldehyde $\begin{matrix} CH_3 \\ \diagdown \\ C = CH - CHO \\ \diagup \\ CH_3 \end{matrix}$ on refluxing with dilute NaOH produces a product of chemical formula $C_{10}H_{14}O$. What is the structure of the product ? Write mechanism of the formation. *20*

**3.** Show the most likely steps in the following transformations : *15×4=60*

(a) 

(b) $CH_3 - CH_2 - CH_2 - CD_2 - NH_2 \xrightarrow[H_2O]{HONO}$

$$CH_3 - CH_2 - CH_2 - CD_2 - OH +$$


$$CH_3 - CH_2 - \underset{\displaystyle OH}{\underset{|}{CH}} - CHD_2 +$$

$$CH_3 - \underset{\displaystyle OH}{\underset{|}{CH}} - CH_2 - CHD_2 +$$

$$CH_3 - CH_2 - CH = CD_2$$

(ग) β-मेथिल क्रोटोनैल्डिहाइड $(CH_3)_2C=CH-CHO$ तनु NaOH के साथ रीफ्लक्सिंग पर रासायनिक सूत्र $C_{10}H_{14}O$ का एक उत्पाद बनाता है । उत्पाद की संरचना क्या है ? विरचन का यांत्रिकत्व लिखिए । *20*

3. निम्नलिखित रूपांतरणों में सर्वाधिक संभावनीय चरण दर्शाइए : *15×4=60*

(क) 


(ख) $CH_3-CH_2-CH_2-CD_2-NH_2 \xrightarrow[H_2O]{HONO}$


$$CH_3-CH_2-CH_2-CD_2-OH +$$

$$CH_3-CH_2-\underset{\displaystyle OH}{\underset{|}{CH}}-CHD_2 +$$


$$CH_3-\underset{\displaystyle OH}{\underset{|}{CH}}-CH_2-CHD_2 +$$

$$CH_3-CH_2-CH=CD_2$$

(c) 



(d) 

$+ CH_2 = CH - \overset{+}{P}Ph_3Br^- +$ base


$\longrightarrow$ 

$+ Ph_3PO$


**4.** (a) Optically active exo-norbornyl tosylate (I) produces racemic products of exo-norbornyl acetate (II) in presence of KOAc in HOAc. Explain the mechanism of conversion.



(I)





(II)



(II)

*20*

(b)  – O – OH produces 


as a minor product in acid medium. What is the mechanism of conversion ? *20*


(c) Dihydropentalene ($C_8H_8$) is treated with two moles of n-butyl lithium and it produces a white crystalline compound A. NMR spectrum of A is as follows :

a doublet $\delta$ 4·98 J = 3 Hz


b triplet $\delta$ 5·73 J = 3 Hz

and peak ratio of a : b = 2 : 1. What is the structure of A ? *20*

(ग) 



(घ) 

$+ CH_2 = CH - \overset{+}{P}Ph_3Br^- +$ क्षारक



$\longrightarrow$ 

$+ Ph_3PO$

**4.** (क) प्रकाशिकतः सक्रिय एक्सो-नॉर्बोर्निल टोसिलेट (I) HOAc में KOAc की उपस्थिति में एक्सो-नॉर्बोर्निल ऐसीटेट (II) के रेसिमिक उत्पाद उत्पन्न करता है । रूपांतरण के यांत्रिकत्व को समझाइए ।




(I) (II) (II) *20*

(ख)  – O – OH अम्लीय माध्यम में अल्प उत्पाद के तौर *20*
पर 

उत्पन्न करता है । रूपांतरण का यांत्रिकत्व क्या है ?


(ग) डाइहाइड्रोपैंटालीन ($C_8H_8$) को n-ब्यूटिल लीथियम के दो मोलों के साथ उपचारित किया जाता है और वह एक सफ़ेद क्रिस्टलीय यौगिक A उत्पन्न करता है । A का NMR स्पेक्ट्रम निम्नलिखित है :

a द्विक $\delta$ 4·98 J = 3 Hz

b त्रिक $\delta$ 5·73 J = 3 Hz

और a : b का शिखर अनुपात = 2 : 1. A की संरचना क्या है ? *20*

## SECTION B

**5.** (a) Tropolone 

has following characteristics :


(i) Has high dipole moment (3·71 D).


(ii) Follows Reimer – Tiemann reaction.

(iii) Couples with diazonium ions.

(iv) Follows nitration with dilute $HNO_3$.


What class of compounds does tropolone resemble ? Is it stable in acid or basic medium ? Explain. *12*

(b) (i)  on heating produces *trans* 9,10-Dihydronaphthalene. What is the mechanism of this transformation ?

(ii) β-Lactone 

can be obtained by treatment of sodium maleate with $Br_2$-water. Explain the mechanism of its formation. *12*

## खण्ड ख

5\. (क) ट्रोपोलोन  के निम्नलिखित अभिलक्षण हैं :


(i) उच्च द्विध्रुव आघूर्ण है (3·71 D) ।

(ii) रीमर – टीमन अभिक्रिया का अनुसरण करता है ।


(iii) डाइऐज़ोनियम आयनों के साथ युग्म बनाता है ।

(iv) तनु $HNO_3$ के साथ नाइट्रोकरण का अनुसरण करता है ।

ट्रोपोलोन यौगिकों के कौन-से वर्ग के सदृश है ? क्या यह अम्लीय या क्षारीय माध्यम में स्थायी है ? स्पष्ट कीजिए । *12*

(ख) (i)  गर्म करने पर

*ट्रांस* 9,10-डाइहाइड्रोनैफ्थेलीन उत्पन्न करता है । इस रूपांतरण का यांत्रिकत्व क्या है ?

(ii) β-लैक्टोन  को $Br_2$-जल से सोडियम

मैलिएट के उपचार के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है । उसके विरचन के यांत्रिकत्व को स्पष्ट कीजिए । *12*


(c) (i) Draw the rough-sketch of NMR spectra of $CH_2Br - CHBr_2$.

(ii) Which bond has higher frequency in IR spectra ?

(1) $-C \equiv N$

(2) $-C \equiv C-$ *12*

(d) (i) 1,4-butadiene carrying alkyl or aryl substitution on C-3, can photochemically rearrange to vinyl cyclopropane.




Explain the transformation.

(ii) What are the structures of pyrimidine nucleotides present in DNA ? What are the structures of their purine conjugates ? *12*

(e) (i) The rate of rearrangement of hydroazobenzene to benzidine is proportional to square of concentration of $H^+$ in solution. Explain.

(ii) Explain the mechanism of thermally allowed concerted reaction between *cis*-1,3-butadiene with ethylene using HOMO and LUMO. *12*


(ग) (i) $CH_2Br - CHBr_2$ के NMR स्पेक्ट्रमों का कच्चा रेखा-चित्र बनाइए ।

(ii) IR स्पेक्ट्रमों में कौन-से बंध की उच्चतर आवृत्ति होती है ?

(1) $-C \equiv N$

(2) $-C \equiv C-$ *12*

(घ) (i) C-3 पर ऐल्किल या ऐरिल प्रतिस्थापनों का वहन करती हुई 1,4-ब्यूटाडाईन, प्रकाश-रासायनिकत: विनाइल साइक्लोप्रोपेन में पुनर्व्यवस्थित हो सकती है ।





रूपांतरण स्पष्ट कीजिए ।


(ii) डी एन ए में विद्यमान पिरिमिडीन न्यूक्लिओटाइडों की क्या संरचनाएँ हैं ? उनके प्यूरिन संयुग्मियों की संरचनाएँ क्या-क्या हैं ? *12*

(ङ) (i) हाइड्रोऐज़ोबेंज़ीन के बेंज़ीडीन में पुनर्विन्यासन की दर विलयन में $H^+$ की सांद्रता के वर्ग के समानुपातिक होती है । स्पष्ट कीजिए ।

(ii) HOMO और LUMO का इस्तेमाल करते हुए *सिस*-1,3-ब्यूटाडाईन और एथीलीन के बीच ऊष्मीयतः अनुमत्य सम्मिलित अभिक्रिया के यांत्रिकत्व को समझाइए । *12*

**6.** (a) A or B when treated with $KN(C_2H_5)_2$ in diethyl amine, it produces only $C_9H_{11}N$. What is the product ? Write mechanism of its formation.


A =  ;

B =  *15*


(b) Treatment of $CH_2 = CH - CN$ with $NH_3$ produces $NH_2 - CH_2 - CH_2 - CN$ and $NH\ (-CH_2 - CH_2 - CN)_2$. Write mechanism of formation of these compounds. *15*

(c) (i) How can adiponitrile $(N \equiv C - (CH_2)_4 - CN)$ be produced from acrylonitrile ? *8*


(ii) Write the mechanism of formation of

 bisphenol. *7*

6. (क) A या B को जब डाइएथिल ऐमीन में $KN(C_2H_5)_2$ के साथ उपचारित किया जाता है, तो वह केवल $C_9H_{11}N$ उत्पन्न करता है । वह उत्पाद क्या है ? उसके विरचन का यांत्रिकत्व बताइए ।

A = 


;

B = 


15

(ख) $CH_2 = CH - CN$ का $NH_3$ के साथ उपचार $NH_2 - CH_2 - CH_2 - CN$ और $NH(-CH_2 - CH_2 - CN)_2$ उत्पन्न करता है । इन यौगिकों के विरचन का यांत्रिकत्व लिखिए । 15


(ग) (i) ऐडिपोनाइट्राइल $(N \equiv C - (CH_2)_4 - CN)$ को ऐक्रिलोनाइट्राइल से किस प्रकार उत्पादित किया जा सकता है ? 8

(ii) 

बाइस्फीनॉल के विरचन का यांत्रिकत्व लिखिए । 7


(d) (i) What are the products produced when phenyl acetate is heated with $AlCl_3$ ? Write the mechanism of formation. *8*

(ii) What is the structural difference between Nylon-6 and Nylon 6,6 ? What are the raw materials of their synthesis ? *7*

**7.** (a) Resorcinol  is heated with $NaHCO_3$ under pressure. What will be the product after acidification ? *15*




(b) Which has higher stretching frequency in IR spectra ? Explain.

(i) 



**OR**

(ii) 




*15*

(c) On treatment with aqueous HBr, both *cis* and *trans* 2-bromocyclohexanol are converted into the same product. What is the product ? Explain with mechanism of conversion. *15*

(घ) (i) जब फेनिल ऐसीटेट को $AlCl_3$ के साथ गर्म किया जाता है, तब कौन-से उत्पाद पैदा होते हैं ? विरचन के यांत्रिकत्व को प्रस्तुत कीजिए । 8

(ii) नाइलॉन-6 और नाइलॉन 6,6 के बीच क्या संरचनात्मक अंतर हैं ? उनके संश्लेषण के कच्चे माल क्या हैं ? 7

7. (क) रिसोर्सिनोल  को $NaHCO_3$ के साथ दाब के अधीन गरम किया जाता है । अम्लीकरण के पश्चात् क्या उत्पाद होगा ? 15

(ख) आई आर स्पेक्ट्रमों में निम्नलिखित में से किसमें उच्चतर प्रतान आवृत्ति है ? स्पष्ट कीजिए ।


(i) $>C-Br$


**या**


(ii) $>C-Cl$ 15

(ग) जलीय HBr से उपचारित किए जाने पर, *सिस* और *ट्रांस* दोनों 2-ब्रोमोसाइक्लोहैक्सानोल एक ही उत्पाद में रूपांतरित होते हैं । वह उत्पाद क्या है ? रूपांतरण के यांत्रिकत्व को बताते हुए स्पष्ट कीजिए । 15

(d) What are the reagents (A, B and C) used for the following conversion : *5×3=15*


(i) 

(ii) 

(iii) 


**8.** (a) Write down the products of the following reactions with chemical equation : *5×3=15*

(i) $R-CH=CH_2 \xrightarrow[\text{(ii) } H_2O_2]{\text{(i) } B_2H_6} \text{Product}$


(ii) 

(iii) $C_6H_5-\overset{\oplus}{N_2}Cl^{\ominus} \xrightarrow[\text{(ii) } \overset{\oplus}{H}, OH^{\ominus}]{\text{(i) } NaHSO_3} \text{Product}$

(घ) निम्नलिखित रूपांतरणों के लिए प्रयुक्त अभिकर्मक (A, B और C) क्या हैं : *5×3=15*

(i) 

(ii) $$C_6H_5-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-CH_3 \xrightarrow[\text{ऐसीटिक अम्ल में}]{B} C_6H_5-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-H$$

(iii) 

**8.** (क) निम्नलिखित अभिक्रियाओं के उत्पादों को रासायनिक समीकरण के साथ लिखिए : *5×3=15*

(i) $$R-CH=CH_2 \xrightarrow[\text{(ii) } H_2O_2]{\text{(i) } B_2H_6} \text{उत्पाद}$$

(ii) $$R-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-H + C_2H_5-O-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-CHN_2 \xrightarrow[CH_2Cl_2]{H^{\oplus}} \text{उत्पाद}$$

(iii) $$C_6H_5-\overset{\oplus}{N_2}Cl^{\ominus} \xrightarrow[\text{(ii) } \overset{\oplus}{H}, OH^{\ominus}]{\text{(i) } NaHSO_3} \text{उत्पाद}$$

(b) Identify the product of the following reaction with mechanism : *15*

$$\begin{matrix} R_1 \diagdown & & \diagup R_3 \\ & C = C & \\ R_2 \diagup & & \diagdown R_4 \end{matrix} \xrightarrow[\text{(ii) } WCl_6,\ C_2H_5OH]{\text{(i) } C_2H_5AlCl_2} \text{Product}$$

(c) Indene $C_9H_8$ rapidly decolourizes $Br_2/CCl_4$. Only one mole of $H_2$ is absorbed readily to form $C_9H_{10}$. Vigorous oxidation of indene produces phthalic acid. What is the structure of indene ? If indene is heated with strong acid, what product is formed ? *15*


(d) What are the reagents used to distinguish the following pairs ? *5×3=15*

(i) Primary alcohol ($C_2H_5OH$) and tertiary alcohol (t-Butyl alcohol)

(ii) Cyclohexane and 1-Cyclohexene

(iii) 1-hexyne and 1-hexene

(ख) निम्नलिखित अभिक्रिया के यांत्रिकत्व के साथ उत्पाद की भी पहचान कीजिए : 15




(ग) इंडीन $C_9H_8$ तेज़ी से $Br_2/CCl_4$ को विरंजित कर देती है । $C_9H_{10}$ बनाने के लिए $H_2$ का केवल एक ही मोल तेज़ी से अवशोषित होता है । इंडीन के प्रबल ऑक्सीकरण से थैलिक अम्ल उत्पन्न होता है । इंडीन की संरचना क्या है ? यदि इंडीन को प्रबल अम्ल के साथ गरम किया जाए, तो क्या उत्पाद बनता है ? 15

(घ) निम्नलिखित जोड़ों में विभेदन करने के लिए कौन-से अभिकर्मकों का इस्तेमाल किया जाता है ? 5×3=15

(i) प्राथमिक ऐल्कोहॉल ($C_2H_5OH$) और तृतीयक ऐल्कोहॉल (t-ब्यूटिल ऐल्कोहॉल)

(ii) साइक्लोहैक्सेन और 1-साइक्लोहैक्सीन

(iii) 1-हैक्साइन (1-hexyne) और 1-हैक्सीन (1-hexene)

F-DTN-M-DIFB

# रसायन विज्ञान

## प्रश्न-पत्र II

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*यदि आवश्यक हो तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अन्त में दिए गए हैं ।*

*प्रतीकों/लेखन-रीतियों का सामान्य अर्थ है, जब तक अन्यथा न कहा गया हो ।*

***महत्त्वपूर्ण : यह आवश्यक है कि जब भी किसी प्रश्न का उत्तर दे रहे हों, तब उस प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर साथ-साथ दें । इसका अर्थ यह है कि अगले प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आगे बढ़ने से पूर्व पिछले प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर समाप्त हो जाएँ । इस बात का कड़ाई से अनुसरण कीजिए ।***

***उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े हुए पृष्ठों को स्याही में स्पष्ट रूप से काट दें । खाली छूटे हुए पृष्ठों के बाद लिखे हुए उत्तरों के अंक न दिए जाएँ, ऐसा हो सकता है ।***

---

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*